संक्षिप्त समाचार

क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता खानचंद का निधन

नई दिल्ली, जेएनएन। भारतीय टीम के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का निधन हो गया है। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने सेंटर गोएल के यमाथ हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। खानचंद को लीवर कैंसर था और वह चौथे स्टेज में पहुंच चुका था। रिंकू टी20 विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा हैं और गुरुवार को शाम टीम के साथ पेचर्थ में थे। जिम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबले से पहले रिंकू सिंह ने ब्रेक लिया था। वह पेचर्थ से सेंटर गोएल अपने पिता से मिलने पहुंचे थे। मुलाकात के बाद वह वापस टीम इंडिया से जुड़ गए। हालांकि जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच में वह प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं थे। उससे पहले खेले गए सभी 5 मैचों में वह भारतीय टीम की प्लेइंग इलेवन में शामिल किए गए थे।

ईरान पर हमले की तैयारी एफ-22 तैनात किए

नई दिल्ली, जेएनएन। अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच अहम सैन्य कदम उठाया है। पहली बार, अमेरिकी सेना ने अपने एफ-22 रैप्टर लड़ाकू विमानों को इजरायली सैन्य अड्डे पर तैनात किया है। यह कदम ईरान से संभावित खतरे के खिलाफ इजरायल और अमेरिकी हितों की रक्षा करने का हिस्सा माना जा रहा है। अमेरिका ने इस क्षेत्र में युद्धपोतों और विमानों की बढ़ी तैनाती को बनाए रखा है। द यॉन स्ट्रैट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार यह तैनाती अमेरिका की लंबे समय से चली आ रही नीति में महत्वपूर्ण परिवर्तन है। पहले क्षेत्र की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए अमेरिका ने इजरायल में अपनी सैन्य उपस्थिति को सीमित रखा था।

चंडीगढ़ में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

चंडीगढ़, जेएनएन। स्कूलों और सरकारी कार्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी अब आम घटनाएं हो चली हैं। अब एक बार फिर चंडीगढ़ के स्कूलों और सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जिस चलते सेक्टर 36 के नामी स्कूल को पुलिस ने सील कर जांच शुरू की है। बता दें यह मेल परीक्षाओं के दौरान आया है। उधर, स्कूलों के बाहर पुलिस बल की तैनाती की गई है। हालांकि, अंदर एग्जाम चल रहे हैं और ऐसे में पुलिस फूंक फूंक कर कदम उठा रही है, ताकि बच्चों का एग्जाम प्रभावित ना हो। बता दें मेला ने सिटी म्युनिकुल के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी है। इससे पहले भी इस स्कूल को धमकी मिल चुकी है। यही नहीं, मेल में सचिवालय का भी जिक्र आया है और कहा गया है कि अगले दो दिन में चंडीगढ़ के सभी स्कूलों को बम से उड़ाया जाएगा।

भारत-कनाडा के संबंधों में नई शुरूआत

ट्रेड, एनर्जी और इन्वेस्टमेंट पर होगा फोकस, प्रधानमंत्री के साथ 2 मार्च को होगी द्विपक्षीय वार्ता

मुंबई, जेएनएन। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी शुक्रवार दोपहर भारत दौरे पर मुंबई के ताज महल पैलेस पहुंचे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, 27 फरवरी से 2 मार्च तक का यह दौरा पीएम नरेंद्र मोदी के बुलावे पर हो रहा है और पद संभालने के बाद कार्नी का यह पहला भारत दौरा है। इस दौरे का मकसद दोनों देशों के बीच रिश्तों को मजबूत करना और सहयोग के नए रास्ते तलाशना है। दो दिन भारत और कनाडा के कई स्टेकहोल्डरों से बातचीत करेंगे। उनकी मीटिंग्स में सीईओ, इंडस्ट्री थिंक टैंक्स, इनोवेटर्स, एजुकेटर व भारत में मौजूद कैनेडियन पेंशन फंड्स के रिप्रेजेंटेटिव्स से बातचीत शामिल होगी। इससे पहले कि दिन के डिप्लोमैटिक कोर सेट करेंगे। 1 मार्च को, कार्नी इस विजिट के अहम हिस्से के लिए नई दिल्ली जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 2 मार्च को हैदराबाद हाउस में हेलीकॉप्टर-लेवल की बातचीत तय है।

संबंधों को रीसेट करेगा यह दौरा

भारत के कनाडा में उच्चायुक्त दिनेश पटनायक ने ओटावा में एक इंटरव्यू में बताया कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों को पूरी तरह रीसेट करेगी और नए व्यापार के बड़े अवसर खोलेगी। एक साल पहले संबंध बहुत खराब थे।

दरार के बाद की बातचीत

ब्राइटस्टराल मुद्दों के अलावा, दोनों नेताओं के बीच, वैश्विक विकास पर विचारों का आदान-प्रदान करने, इंडिया-कनाडा सीईओ फोरम में साथ शामिल होने की उम्मीद है, जिसमें सरकारी पॉलिसी को प्राइवेट सेक्टर की सोच के साथ बेहतर ढंग से अलाइन कर सके। दौरा तेज तनाव के दौर के बाद रिश्तों को नॉर्मल करने की कोशिशों में एक अहम पल है। जून 2025 में कनाडा में खालिस्तानी टेररिस्ट हरदीप सिंह निज्जर के मारे जाने के बाद रिश्तों में गिरावट आई थी। तत्कालीन पीएम जस्टिन ट्रूडो सरकार ने भारत के शामिल होने का दावा करते हुए आरोप लगाए, जिसका नई दिल्ली ने पुरजोर खंडन किया, जिससे डिप्लोमैट्स को अपनी तैनात वापस बुलाने पड़े।

दोनों देशों के बीच व्यापार दोगुना करने का लक्ष्य

कार्नी 1 मार्च को नई दिल्ली पहुंचेंगे और 2 मार्च को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इसका मुख्य एजेंडा में कंपीटेटिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट की वार्ताओं को शुरू करना शामिल है, जो लंबे समय से रुकी हुई है। इसके अलावा, सुरक्षा और रक्षा सहयोग पर चर्चा होगी। साथ ही दोनों देशों के बीच व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद कार्नी वियतनाम और जापान की यात्रा पर रवाना होंगे। पूरा दौरा 27 फरवरी से शुरू होकर 7 मार्च तक चलेगा। इसका मतलब का मकसद कनाडा का अमेरिका पर आर्थिक निर्भरता कम करना और नए व्यापारिक रास्ते खोलना है।

भारत में निवेश को बढ़ावा दे रहा कनाडा

भारत इस समय दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। कनाडा के सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, दोनों देशों के बीच सालाना व्यापार 21 अरब डॉलर से ज्यादा है। भारत में 600 से ज्यादा कनाडाई कंपनियां काम कर रही हैं। भारत से कनाडा को मुख्य निर्यात में दवाइयां, रत्न-आभूषण और समुद्री उत्पाद शामिल हैं। कनाडा के बड़े पेंशन फंड पहले से ही भारत में रियल एस्टेट और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में बड़ा निवेश कर चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने भारत में करीब 8 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश किया है। अब कनाडा इस निवेश को और बढ़ाना चाहता है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी का कहना है कि दोनों देशों के बीच कभी-कभी राजनीतिक मतभेद रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद कनाडा भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का भरोसेमंद साझेदार बना रहेगा। दौरे में एनर्जी सबसे अहम मुद्दा है। दोनों देश यूरेनियम सप्लाई समझौते पर बात कर रहे हैं, जिससे भारत के न्यूक्लियर पावर प्लांट को ईंधन मिल सके। क्लीन एनर्जी और एनर्जी ट्रांजिशन के लिए जरूरी महत्वपूर्ण खनिजों पर भी सहयोग बढ़ाने की चर्चा है। कनाडा प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध देश है, जबकि भारत को तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए फोसिलेंट और जलवायु-अनुकूल ऊर्जा स्रोतों की जरूरत है। इसलिए यह क्षेत्र दोनों के लिए फायदेमंद माना जा रहा है।

ब्रिटेन में कुशल कामगारों के मामले में भारत शीर्ष पर

लंदन, जेएनएन। ब्रिटेन में वीजा अवधि का विस्तार पाने वाले लोगों की सूची में भारतीय छात्रों एवं स्वास्थ्य क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत भारतीय कुशल कामगारों की संख्या लगातार शीर्ष पर बनी हुई है। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय द्वारा बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक प्रवासन आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आंकड़ों के अनुसार, हाल में विस्तार के रुझान के बाद, पिछले एक वर्ष में विदेशी छात्रों को दिए गए प्रायोजित अध्ययन वीजा की संख्या तीव्र प्रतिरूप बढ़ी है और दिसंबर 2025 को समाप्त वर्ष में भारतीयों को 95,231 वीजा दिए गए। कार्य वीजा के मामले पर, इसी अवधि में कुशल कामगार वीजा के विस्तार के मामलों में उपरांकित संख्या भारतीयों की रही। गृह मंत्रालय ने कहा कि दिसंबर 2025 को समाप्त वर्ष में स्वास्थ्य एवं देखभाल कर्मियों के वीजा की अवधि के विस्तार के मामले में भारतीय शीर्ष पर रहे और 1,04,555 भारतीयों के वीजा की अवधि बढ़ाई गई।

राष्ट्रपति मुर्मू ने हेलीकॉप्टर प्रचंड में भरी उड़ान, आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया

नई दिल्ली, जेएनएन। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजस्थान के जैसलमेर जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) प्रचंड में उड़ान भरी। इस दौरान भारतीय सेना की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति ने आर्मिस ग्रीन रंग की वर्दी और हेलमेट पहन प्रचंड में बतौर सह-पायलट उड़ान भरी। इस दौरान उन्होंने अपना अनुभव साझा किया। शुक्रवार को जैसलमेर में स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में उड़ान भरने के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, प्रचंड हेलिकॉप्टर आत्मनिर्भरता का एक प्रबल प्रतीक है। इस समय मैं प्रसिद्ध जैसलमेर किले के ऊपर उड़ान भर रही हूं। मुझे देश के वीर वायु सैनिकों पर अत्यंत गर्व है। आप लोगों को मेरा प्यार भरा नमस्कार... जय हिंद, जय भारत।

राष्ट्रपति ने कॉकपिट से किया प्रभावित : इस 'प्रचंड' हेलिकॉप्टर ने जैसलमेर वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरी। उड़ान से पहले कैप्टन ने राष्ट्रपति को जानकारी दी। राष्ट्रपति ने उड़ान भरने से पहले कॉकपिट से साथ हिलाकर अभिवादन किया। इस लगभग 25 मिनट की उड़ान में 'प्रचंड' पोकरण फायरिंग रेंज के ऊपर से उड़ा जहां वायुसेना आज शाम 'वायु शक्ति' अभ्यास कर रही है। राष्ट्रपति मुर्मू भी इस अभ्यास में मौजूद हैं। इससे पहले वायुसेना के चीफ एयर मार्शल ए.पी. सिंह ने वायुसेना स्टेशन पर राष्ट्रपति की अगुवाई की। इसके साथ मुर्मू लड़ाकू हेलीकॉप्टर में बतौर 'सह-पायलट' उड़ान भरने वाली देश की पहली राष्ट्रपति बनी हैं।

राफेल में भी उड़ान भर चुकी हैं राष्ट्रपति

राष्ट्रपति मुर्मू ने पिछले साल अक्टूबर में हरियाणा के अंबाला के वायुसेना स्टेशन पर राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी। अप्रैल 2023 में मुर्मू ने असम के तेजपुर वायुसेना स्टेशन पर सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी। लगभग 30 मिनट की उड़ान में उन्होंने हिमालय के साथ ब्रह्मपुत्र और तेजपुर घाटी को आसमान से देखा। एलसीएच 'प्रचंड' भारत का पहला देश में ही डिजाइन और बनाया गया लड़ाकू हेलीकॉप्टर है। इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने बनाया है। इसमें कई ऐसी खूबियां हैं जो भारतीय वायुसेना की ताकत को और मजबूत बनाते हैं।

चार दशक के बाद दिल्ली में फिर दौड़ेंगी डबल डेकर बसें

नई दिल्ली, जेएनएन। दिल्ली में चार दशक बाद डबल डेकर बसों की वापसी हो रही है। ये बसें विजय चौक से नेशनल वॉर मेमोरियल, भारत मंडपम, न्यू चिरौमनेट कॉम्प्लेक्स, दिल्ली हाट, इंडिया गेट और सेंट्रल विस्टा तक चलेंगी। इन बसों को प्रीमियम हेरिटेज टूरिस्ट सर्विस के तहत दिल्ली की सड़कों पर चलाया जाएगा। ये डबल डेकर बसें पूरी तरह से इलेक्ट्रिक होंगी। सीएम रेखा गुप्ता ने डबल डेकर ओपन-टॉप बसों को विजय चौक से हरी झंडी दिखाएंगी, जिसका मकसद टूरिज्म और क्लीन मोबिलिटी को बढ़ावा देना है। लगभग 40 साल बाद, डबल-डेकर बसें राजधानी की सड़कों पर वापस आ गई हैं। ये बसें ओपन-टॉप टूरिस्ट कोच के रूप में होंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता विजय चौक से इस सर्विस को हरी झंडी दिखाएंगी, जो सस्टेनेबल टूरिज्म को एक नया बढ़ावा देगा। इन बसों को रोजाना के तुगलकी के बजाय एक प्रीमियम हेरिटेज अनुभव के तौर पर डिजाइन किया गया है।

इलेक्ट्रिक है डबल-डेकर बसें : ये नई डबल-डेकर बसें पूरी तरह से इलेक्ट्रिक हैं, जिसका मतलब है कि शहर की बिजी सड़कों पर जीरो एमिशन और कम शोर होगा। हर बस में लगभग 63 यात्री बैठ सकते हैं। ओपन-टॉप अपर डेक से सेंट्रल विस्टा और आस-पास की जगहों का साफ नजारा दिखेगा, जो यात्रियों को एक अलग अनुभव कराएगा। हर स्टॉप पर एक लाइव ट्रेर गाइड आसान और दिलचस्प कहानियां भी सुनाएगा।

वर्गीकृत

जागरण क्लासीफाइड
डबल धमाका
हमारा कार्ड, कम में ज्यादा
एक के साथ एक फ्री
ऑफर अगस्तीकृत के लाभ
मीडिया संस्करण ₹300/-
मुद्रण व ई. संस्करण ₹500/-
विज्ञापन/प्रीमियम दूरभाष नं.
9826065324
Best Wishes ₹50/-

अण्डा

BHOPAL EGG RATE 480/-

Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह

पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

बांग्लादेश: डिफाल्टर को सेंट्रल बैंक गवर्नर की नियुक्ति पर विवाद

ढाका, जेएनएन। बांग्लादेश में सेंट्रल बैंक के नए गवर्नर की नियुक्ति को लेकर बड़ा विवाद हो गया है। विपक्ष का आरोप है कि तारिक रहमान की सरकार ने एक डिफाल्टर को कारोबारी को सेंट्रल बैंक गवर्नर बना दिया है, जो देश में भीड़तंत्र की सुरक्षा जैसा है। बांग्लादेश बैंक के नए गवर्नर के रूप में मोस्ताकुर रहमान की नियुक्ति के बाद राजनीतिक घमासान तेज हो गया। जमात ए इस्लामी के प्रमुख और विपक्ष के नेता शफीकुर ने कहा फैसला पीएम की सह पर लिया है इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

तमिलनाडु में एक ही चरण में चुनाव कराने की मांग

चेन्नई, जेएनएन। तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव एक ही चरण में कराया जाना चाहिए, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से यह अनुरोध किया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने को चेन्नई के एमआरसी नगर स्थित एक निजी होटल में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। इस बैठक में राज्य स्तरीय पार्टियों डीएमके,एआईएडीएमके, डीएमडीके नाम शामिल और विदुथलाई चिरुथाइगल के साथ-साथ राष्ट्रीय दलों भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, भाजपा, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और वेंकाल पीपुल्स पार्टी ने हिस्सा लिया। बैठक में, राजनीतिक दलों के नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त के सामने विभिन्न मांगें रखीं, जिनमें अंतिम मतदाता सूची से छूटे हुए मतदाताओं को शामिल करने और चुनाव एक ही चरण में कराना शामिल था। बैठक के बाद, पत्रकारों से बात करते हुए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव पी. शनमुगम ने कहा, चुनाव एक ही चरण में होने चाहिए, त्योहारों के दौरान चुनाव नहीं कराए जाने चाहिए। चुनाव पूरी तरह ईमानदार और निष्पक्ष तरीके से होने चाहिए। द्रमुक और अन्नाद्रमुक जैसे बड़े दल मतदाताओं को उपहार बांट रहे हैं, जिसे रोका जाना चाहिए।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा
ओल्ड हिल्स, भोपाल, फोन नं. 0755-2550020

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को और विशेष रूप से ऋण लेने वाला और जमानतदारियता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/बन्धकित है, का प्रतीकात्मक कब्जा/सांकेतिक कब्जा (बन्धकी के मामले में ऋण) होता है) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर निम्नलिखित कीमतों पर जमानतदारों के देय/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित बकाए की वसूली हेतु निम्नलिखित को बेचा जाएगा। आस्तियों मूल्य एवं अंतिम जमाराशि निम्नलिखित है :-

ई नीलामी दिनांक : 25.03.2026 (ई-नीलामी का समय : प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के अतिरिक्त विस्तार के साथ)
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 24.03.2026 रात्रि 11.00 बजे तक

ऋणी/बंधनकर्ता का नाम एवं बंधक संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य धरोहर राशि	ब्रांच नोटिस दि. अचल दिनांक बकाया राशि
निरीक्षण अपने प्रस्ताव रु. 25000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) के भुगतान से बुक सकेंगे।		
आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा | प्राधिकृत अधिकारी : श्री राजेश गुप्ता / श्री विनीत कुमार | मो. नं. 9589765580/9557822211		
मेसर्स वन मार्केटिंग प्रो. सा. श्री कैलाश कुमार नवलानी (संयोजित अभियोगी) 1.फ्लाटर्स.08, सीजा महानगर, मालवीयनगर, ओल्ड विश्वनाथ टॉकीज कॉम्पलेक्स, इटारसी, होशंगाबाद : 1650 वर्ग फिट, संपत्ति मालिक : श्री रमेश कुमार नवलानी पुत्र स्व. नरसोमल नवलानी एवं मातेश्री गेरी नवलानी पत्नि रमेश कुमार नवलानी (संयोजित अभियोगी)	(₹) 61,11,000/- (₹) 6,11,100/-	18-06-2021 28-09-2021 ₹ 12004326.67
2.फ्लाट नं. 07, सीजा महानगर, मालवीयगंज, ओल्ड विश्वनाथ टॉकीज कॉम्पलेक्स, इटारसी, होशंगाबाद : 1650 वर्ग फिट, संपत्ति मालिक : श्री कैलाश नवलानी पुत्र स्व. नरसोमल नवलानी एवं गीता देवी पत्नि रमेश कुमार नवलानी (संयोजित अभियोगी)	(₹) 59,56,000/- (₹) 5,95,600/-	
3.मकान नं. 119/1, मजूरा स्ट्रीट नं.4, सीजा सिटी कॉलोनी, वार्ड नं. 27, होशंगाबाद : 1800 वर्ग फिट, संपत्ति मालिक : श्रीमती मंजरी बाई पत्नि स्व. नरसोमल नवलानी, श्री कैलाश नवलानी, श्री अनिल नवलानी, श्री केशव नवलानी (संयोजित अभियोगी)	(₹) 52,32,000/- (₹) 5,23,200/-	
मेसर्स नवजीवन ब्रेवरेज (संयोजित अभियोगी) औद्योगिक इकाई (भूमि), मेन रोड कॉलोनी, सारसा नं. 146/7, ए.डी. नं. 14/7, ग्राम-रोहाना, जिला- होशंगाबाद (म.प्र.), कोकबाग: एक एकड़ । बाईपास सीमा-पूर्व-भगवान सिंह राजपूत की भूमि, पश्चिम-हरदा-होशंगाबाद रोड, उत्तर-भगवान सिंह की भूमि, दक्षिण-शंकर सिंह की भूमि सम्पत्ति मालिक-श्री अनील तिवारी पुत्र श्रीगोपेश्वरम तिवारी	(₹) 92,93,000/- (₹) 9,29,300/-	07-01-2010 04-04-2016 ₹ 17820/35.00 दिनांक 01.03.2026 से दिनांक तक सभी अवर कार्य
मेसर्स अनिल इंडस्ट्रीज प्रो. अनिल कुमार नवलानी पुत्र नारसोमल नवलानी सीजा मेहानगोरा, उत्तरा इटारसी व तहसील इटारसी, वार्ड नं. 14 (नया वार्ड नं. 28) इटारसी अहाते के सामने नं. 112 में से, सीट नं. 01, प्लाट नं. 2/2सी/2, 2/2सी/3, रजिस्ट्री अनुसार प्लाटर्स. 1/2, 2/1, 2/2सी, 2/2सी, 2/2सी, 2/2सी, 2/3 सब-प्लाटर्स.08, क्षेत्रफल : 1650 वर्ग फिट, सीमाएं : पूर्व-महावीर किराने जायसवाल, पश्चिम-रोड, उत्तर- किशोरजी की भूमि, दक्षिण -श्रीराम कुमार नवलानी की भूमि, संपत्ति मालिक : श्री अनील कुमार नवलानी पुत्र नरसोमल नवलानी एवं अक्षरा देवी पत्नि अनील कुमार नवलानी (संयोजित अभियोगी)	(₹) 36,10,000/- (₹) 3,61,000/-	11-08-2021 09-12-2021 ₹ 2382606.05 दिनांक तक सभी अवर कार्य

नियम एवं शर्तें – 1. विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 शर्तों के अतिरिक्त होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा। 2. सम्पत्तियों की बिक्री "जहां है जैसा है एवं जिस अवस्था में है" के आधार पर होगी। 3. अचल संपत्तियों का विवरण प्रतिभूत लेनदार को प्राप्त जानकारी के आधार पर है किन्तु प्रतिभूत लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, परिमाण में चूक जिसे जिम्मेदार नहीं होगा। 4. विक्रय अधिकृत अधिकारी द्वारा ई-नीलामी सेवा प्रदाता के द्वारा दिनांक 26/03/2026 वेबसाइट: https://baanknet.com पर किया जायेगा। इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीददारों को नीलामी के तिथि समय से पहले बैंक के मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता PSB Alliance के माध्यम से ई-नीलामी बैंक पोर्टल https://baanknet.com में रजिस्ट्रेशन कर अपने प्रस्ताव ईएमडी बोलियां में ऑनलाइन भेजना इच्छुक ईएमडी बोलियां को प्रस्तुत करना होगा। यदि प्रस्तुत ईएमडी बोलियां में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो विक्रय बोली लगाने की अनुमति नहीं होगा। किसी भी विस्तृत विवरण व शर्तों के लिए https://baanknet.com और www.pnb.bank.in पर देखें।

दिनांक: 27/02/2026, स्थान: भोपाल
वृतिक अध्यक्षता, पंजाब नैशनल बैंक

वन विभाग के अंतर्गत वनरक्षक एवं क्षेत्ररक्षक (कार्यपालिक)
एवं
जेल विभाग के अंतर्गत जेल प्रहरी एवं सहायक जेल अधीक्षक (कार्यपालिक)
पदों की सीधी भर्ती परीक्षा-2026

आवेदन पत्र भरने की तिथि	ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय सारणी	आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि
28.02.2026 से 14.03.2026 तक		28.02.2026 से 19.03.2026 तक

संभावित परीक्षा दिनांक	परीक्षा की पाली	अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय	उपर अंकित का समय
07 अप्रैल 2026 से प्रारंभ	प्रथम	प्रातः 08:00 से प्रातः 09:00 बजे तक	प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक (02 घंटे)
	द्वितीय	दोपहर 01:00 से दोपहर 02:00 बजे तक	दोपहर 03:00 से 05:00 बजे तक (02 घंटे)

आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :-
1. परीक्षा के नियम, विभागवार रिक्त पदों की आरक्षण तालिकाएं एवं परीक्षा संचालन नियम से संबंधित विस्तृत नियम पुस्तिका मण्डल की वेबसाइट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध रहेगी, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट www.esb.mponline.gov.in के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. संभावित परीक्षा शहर : भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खण्डवा, सीधी, सतना, रीवा, सागर, मंडला, सीधी उज्जैन एवं अनूपपुर।
4. परीक्षा शुल्क*

सीधी भर्ती के पदों हेतु	अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए	रुपये 500/- (प्रति प्रश्न पत्र)
	केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ए.सी.सी.सी. अभ्यर्थियों के लिए	रुपये 250/- (प्रति प्रश्न पत्र)
	सीधी भर्ती - बैकलॉग	कोई शुल्क नहीं

ऑनलाइन आवेदन, विकल्पों के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एस.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क 60/- देय होगा। इसके अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लॉगिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क 20/- देय होगा।

विशेष निर्देश
1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पासपोर्ट, में से कोई एक को प्रस्तुत कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यापित (Verify) होने पर ही ई-आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को विषय पुस्तिका में विनिर्दिष्ट मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। अतः जिन अभ्यर्थियों का आधार नंबर लॉक है वह परीक्षा दिनांक को परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार अनलॉक करवाना सुनिश्चित करें।
5. परिशिष्टियों को परीक्षा में निर्धारित समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थियों की प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, लॉग टेबल्स, डिजीटल घड़ी, नकल पर्चा एवं sun glasses (धूप का चश्मा) आदि का उपयोग पूर्णतः वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अतः आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मण्डल वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परिशिष्टी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण मण्डल द्वारा नहीं किया जाकर नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान सम्बन्धित [illegible] जाता है। अतः कंप्यूटर आधारित (Online) परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णतः प्रावधिक (Provisional) होगी।

विशेष नोट : मण्डल अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पा[illegible]

ESB
संचा[illegible]
मध्यप्रदेश कर्मचा[illegible]
'चयन भवन' मेन रोड नं.-1, चिनार पार्क (इ०ए) भोपाल - 462011
Fax : +91-0755-2550498, Website : www.esb.mp.gov.in
विज्ञापन क्र. 105/2026